>

Title: Need to maintain status-quo in construction activities by the Army to facilitate easy access of followers to B.R. Ambedkar Memorial at Mau, Madhya Pradesh.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से एक बहुत महत्वपूर्ण विषय की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। डा.बी.आर.अम्बेडकर का जन्म स्थल मऊ (मध्य प्रदेश) हैं और वहां एक मेमोरियल बना हुआ है। प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को डा.बी.आर.अम्बेडकर जी का जन्म दिन बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है और वहां लाखों की संख्या में लोग जुटते हैं। लेकिन अभी हमारी जानकारी में आया है कि मऊ, जहां बाबा साहब का जन्म हुआ था, वहां वह छावनी के क्षेत्राधिकार में हैं और आर्मी के अंतर्गत है। वहां हाउसिंग स्कीम के तहत एक प्रोजैक्ट इम्पलिमैन्ट करने का विचार किया है। मेरा कहना यह है कि अगर यह हाउसिंग प्रोजैक्ट इम्पलिमैन्ट हो जाता है तो जो डा.बी.आर.अम्बेडकर को मानने वाले लोग हैं, जो उनके अनुयायी है, वे जब मऊ में आयेंगे तो कहां ठहरेंगे।

इसलिए मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि हमारे मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री जी ने रक्षा मंत्री को पत्र भी लिखा है कि यह कंस्ट्रक्शन नहीं होनी चाहिए। हाउसिंग प्रोजैक्ट के लिए वे अलग जगह देने के लिए तैयार हैं। डा.बी.आर. अम्बेडकर ने हमारे देश का संविधान बनाया था, वह पूरे देश के थे, हम सबके थे। इसलिए उनके जन्म स्थान के साथ कोई छेड़खानी नहीं की जानी चाहिए।

मैं आपके माध्यम से रक्षा मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं। आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

सभापति महोदय : श्री प्रदीप टमटा को उपरोक्त विषय के साथ सम्बद्ध किया जाता है।

16.10 hrs

At this stage, Dr. Ram Chandra Dome, Shri P. Lingam and some other hon. Members went back to their seats.